तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार, 16 जनवरी 2024

12 समाज के सभी वर्गों को योजनाओं से लाभान्वित...



13 राजिम भक्तिन माता के विचारों से समाज में समरसता का...





## पत्नी ने मछली पकाने से किया इनकार, पति ने मुक्के से मारा, दबाया गला हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

**पटेवा में मर्डर, पत्नी को मार डाला और साथ में रात भर सोया रहा**

नवापारा थाना के पटेवा गांव से एक बड़ी खबर सामने आई है। बीते रविवार की रात 10 बजे लोहारी का काम करने वाले शिवकुमार विश्वकर्मा उम्र 31 साल ने ताव-ताव में अपने पत्नी यामिनी विश्वकर्मा उम्र 29 साल का हाथ मुक्के से मारते हुए गला को दबाकर मार डाला। उसे मारने के बाद रात में पत्नी के साथ सोया भी। बगल में 11 साल का बच्चा खेमलाल और 9 साल का बच्चा धर्मेंद्र भी सोया था। घटना का कारण उनकी पत्नी ने मछली की सब्जी बनाने से इंकार कर दिया था। जानकारी के मुताबिक आरोपी शिवकुमार विश्वकर्मा नशे की हालत में घर पहुंचा और अपनी पत्नी से मछली का सब्जी बनाने कहा। पत्नी ने इंकार कर दिया तो उनका गुस्सा चढ़ गया और मुक्के से मार मारकर बेहाल कर दिया। मार खाने के बाद पत्नी घर से निकलकर भागने लगी तो उसे दौड़ाकर पकड़ा फिर घर लाकर और मारा तथा गला दबा दिया।

**आरोपी ग्रामीणों के साथ घर पर ही मिला-** समाज के लोगों ने उसे सरपंच पति राजू पाल के पास ले गया। राजू पाल ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। सूचना पाकर पुलिस तुरंत घटना स्थल पहुंच गई। तब तक आरोपी ग्रामीणो के साथ घर में ही था। पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर थाना रवाना किया। टीआई आशीष राजपूत ने बताया कि आरोपी शिवकुमार विश्वकर्मा ने इस घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। उसे धारा 302 के तहत गिरफतार कर लिया गया है।



### सुबह 4 बजे उठा तो हो चुकी थी मौत

इस झगड़े के बाद वह चूंकि नशे के हालत में था सो गया। उन्हें एहसास नहीं था कि पत्नी मर चुकी है। वह भी बाजू में सो गया। सुबह 4 बजे जब नींद खुली तो वह पत्नी को हिलाया-डुलाया। वह देखा कि ये तो मर चुकी है फिर वह डर गया और अपने समाज के लोगों के पास जानकारी देने के लिए पहुंचा।



## समस्या : जहां से पढ़ाई कर सांसद व विधायक बने, आज वही स्कूल वर्षों से कर रहा शिक्षकों का इंतजार

# शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने के दावे फेल, स्कूलों में शिक्षकों की कमी, दम तोड़ रही शिक्षा व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

सरकारी स्कूलों में शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने को लेकर सरकार के दावे भले ही बड़े-बड़े हों, लेकिन सच्चाई ये है कि खुद सरकार की अनदेखी के चलते स्कूली शिक्षा का ढांचा चरमराता दिख रहा है। इसका कारण, स्कूलों में शिक्षकों की कमी है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि फिंगेश्वर विकास खंड के ग्राम लोहरसी के शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पिछले दस वर्षों से रसायन जैसे महत्वपूर्ण विषय के शिक्षक के लिये तरस रहा है। और अन्य विषय के शिक्षक के भरोसे बच्चों का भविष्य गढ़ रहा हैं। इससे विद्यालयों में बच्चों का नामांकन लगातार घट रहा है। स्कूल में केवल रसायन विषय के शिक्षक ही नहीं बल्कि संस्कृत विषय के शिक्षक पिछले दो वर्षो से नहीं, कामर्स विषय के शिक्षक दो वर्षों से नहीं, तीन शिक्षक विज्ञान सहायक पिछले सात वर्षो से तरस रहा है। और तो और चार भृत्य के पोस्ट होने के बावजूद स्कूल में एक भी भृत्य नहीं है। शिक्षक की कमी से स्कूल की शैक्षणिक व्यवस्था कैसी होगी इसका अनुमान सहज ही ▶▶|शेष पेज 12 पर

- **स्कूल में रसायन विज्ञान सहायक, संस्कृत व अंग्रेजी जैसे विषय के शिक्षक नहीं**

**कभी 7 सौ की संख्या में पढ़ाई करते थे बच्चे, अब मात्र 2 सौ ही बच्चे पढ़ रहे**

### दी गई है जानकारी

ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रमेन्द्र जोशी फिंगेश्वर ने बताया कि वहां 11 सेन्सन है जिसमें 8 भरा हुए हैं। गणित विषय में 11वीं व 12वीं का कोई बच्चे नहीं है। भौतिक, गणित और बायो के शिक्षक हैं। अभी वर्तमान में भौतिक का शिक्षक रसायन पढ़ा रहा है। शिक्षक के लिये उच्च कार्यलय को जानकारी दे दिया गया है। नवीन स्कूल अभी टिकरापारा पूर्व माध्यमिक में चल रहा है। नवीन स्कूल की बिल्डिंग जर्जर है। अभी दोनों कंबाइन में चल रहा है। जिसके चलते पर्याप्त 7 टीचर हो जाते हैं।



### एचएम का पोस्ट भी नहीं

पूर्व माध्यमिक नवीन डिपरापारा स्कूल में वर्तमान में बच्चो की दर्ज संख्या 56 है किन्तु 2007 से अब तक अंग्रेजी जैसे विषय के शिक्षक नहीं है। वर्तमान में केवल दो शिक्षक के भरोसे स्कूल चल रहा है। एचएम का पोस्ट भी नहीं है। नवीन स्कूल जर्जर होने के चलते हाई स्कूल स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय मे अभी संचालित हो रही है। यदि किसी दिन आवश्यक कार्य अथवा बीमारी के कारण किसी शिक्षक को छुट्टी लेनी पड़ती है तो ऐसे में उस दिन स्कूल को बंद करने की नौबत हो जाती है।

### दाखिला संख्या में गिरावट

शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की बात करें तो, रसायन विषय के शिक्षक पिछले दस वर्षों से रिक्त है। शिक्षक नहीं होने से बच्चों में इस विषय पर पकड़ कम है। इस वजह से यहां की दाखिला में भी कटौती होती जा रही है। एक समय था कि 600 से 700 के संख्या में बच्चे इस स्कूल में पढ़ाई करने आते थे लेकिन अब तुलना करें तो केवल 200 ही बच्चे स्कूल में पढ़ रहे हैं। वहीं तीन विज्ञान सहायक के शिक्षक की कमी पिछले 7 वर्षों से बनी हुई है एक विषय को तो जैसे- तैसे व्यवस्था में चल ही रहा था परंतु तीन शिक्षक पिछले 7 वर्षों से नहीं है।




## रामलला स्थापना की खुशी में जौंदी में बन रहे लड्डू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

अयोध्या में श्रीराम लला की स्थापना को लेकर समूचे क्षेत्र में अभूतपूर्व खुशी का माहोल एक-एक गांव के एक-एक घरो में देखा जा रहा है। लोग अपने-अपने हिसाब से तैयारी कर रहे है। जौंदी के पूर्व सरपंच टीकम चंद साहू के यहां तो देशी गाय के घी का लड्डु बनाया जा रहा है जिसे 22 जनवरी को वितरण करेंगे। श्री साहू ने जानकारी दी है कि उनके घर परिवार में अत्यन्त ही खुशी का माहौल है। उस दिन की तैयारी ऐसी चल रही है जैसे घर में बालक के जन्म होने पर चलती है। बताया कि उनकी धर्मपत्नी ने छैवरिया लड्डु (सोंठ) और तिल-गुड़ के लिए लिस्ट थमा दी है। चूंकि माता कौशल्या का मायका छत्तीसगढ़ है। इस नाते हमें पूरे देश में दोहरी खुशी होगी। 22 जनवरी को सुबह घर के समीप स्थापित दक्षिण मुखी हनुमान जी के मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ दिन भर ध्वनि विस्तारक यंत्र से भगवान का भजन बजेगा। रामायण कथा होगी, पुड़ी, हलवा, चना-गुड़ का प्रसाद वितरण होगा, घर में कांके और छट्ठी की चाय पिलाई जाएगी और छट्ठी भात भी खिलाया जावेगा। रात में दीपोत्सव के साथ ही फुलझड़ी और पटाखे चलाए जाएंगे। बताया कि आखिर कई सौ वर्षों के पश्चात और अनेक झंझावतो के बाद हमारे आराध्य भगवान श्रीराम फिर से बालरूप में विराजेंगे।



## श्री राजीव लोचन मंदिर में चला स्वच्छता अभियान

**हर व्यक्ति सफाई करें तो पूरा देश में गंदगी नाम की कोई चीज नहीं : चंदूलाल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

सोमवार को विधायक रोहित साहू सुबह तड़के 6:30 बजे श्री राजीव लोचन मंदिर परिसर में इकट्ठा हुए और हाथ में झाड़ू, फावड़ा तथा धमेला लेकर सफाई अभियान में जुट गए। देखते ही देखते मंदिर परिसर चकाचक दिखने लगा। उल्लेखनीय है कि 14 से लेकर 21 जनवरी तक विभिन्न धार्मिक स्थलों की साफ-सफाई की जाएगी। इसके अंतर्गत आज श्री राजीव लोचन मंदिर परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें राजिम विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक रोहित साहू, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, तथा पार्षदगण, सीएमओ व समर्पण ग्रुप के तकरीबन 70 सदस्यों ने हाथ में झाड़ू थामे हुए थे। सफाई का यह दृश्य देखते ही बन रहा था। क्षेत्र के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि सांसद से लेकर पार्षद तक एक साथ सफाई कर रहे है। मंदिर में दर्शन करने के लिए आने वाले श्रद्धालु इस दृश्य को देखकर खूब प्रशंसा करने लगे। चूंकि मकर संक्रांति स्नान के लिए पूरे छत्तीसगढ़ से त्रिवेणी संगम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण पहुंचे हुए थे। स्नान के बाद सभी ने मंदिरों में जाकर दर्शन पूजन किया। विधायक रोहित साहू फावड़ा लिए और घास को छिलने लगे। नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सोनकर धमेला लेकर कचरे को फेंकने लगी। इस सफाई अभियान में जमकर मेहनत दिखा। किसी को कोई संकोच नहीं। कुछ ही समय में चकाचक नजर आने लगा। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हर योजना आम जनता के लिए होती है। उन्होंने स्वच्छ ▶▶|शेष पेज 12 पर



**स्वच्छता वीरों ने की सफाई**

श्री राजीव लोचन मंदिर प्रांगण से लगे हुए भगवान श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर की भी सफाई की गई। मिनी पार्क में कागज के टुकड़े, रैपर, झिल्ली,कचरा बिखरा पड़ा हुआ था जिसे इकट्ठा कर साफ सुथरा किया गया। इसी तरह पार्किंग स्थल में भी गंदगी देखी गई वहां भी इन स्वच्छता वीरों ने सफाई किया। सुबह 8 बजे तक सफाई का यह अभियान चलता रहा।

## मकर संक्रांति पर पूजा करने पैरी उद्गम पहुंचे श्रद्धालु......



**मैनपुर।** धर्म पर्यटन आस्था और पुण्य पैरी नदी के उदगम स्थल में आज मकर संक्रांति के अवसर पर श्रध्दालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई और मोक्ष की कामना किया। यहां ठंड पर लोगों की आस्था भारी दिखी ठंड के बावजूद ब्रम्हमुहूर्त से लेकर सुर्य उदय तक सबसे ज्यादा श्रध्दालुओं की भींड देखी गई। लोगों ने तिल और दीप दान किया सुबह से क्षेत्र के सभी मंदिरो में पूजा अर्चना करने श्रध्दालुओं की भारी भींड लगी रही।

**नपा अध्यक्ष एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने कहा- यातायात नियमों का करें पालन**

## पुलिस ने हेलमेट लगाकर बाइक पर निकाली जागरूक रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

केंद्रीय राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह पूरे देश में मनाया जा रहा है इसी कड़ी में आज गरियाबंद पुलिस द्वारा यातायात नियमों को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली में जागरूकता रथ के साथ पुलिस अधिकारी नपा अध्यक्ष सहित एक सैकड़ा से अधिक बाइक सवार पुलिस कर्मियों ने हेलमेट पहनकर रैली में हिस्सा लिया।

केंद्रीय राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह पूरे देश में मनाया जा रहा है इसी कड़ी में आज गरियाबंद पुलिस द्वारा यातायात नियमों को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली में जागरूकता रथ के साथ एक सैकडा से अधिक बाइक सवार पुलिस कर्मियों ने हेलमेट पहनकर रैली में हिस्सा लिया।रैली कोर्ट रोड, फ़ारेस्ट होते हुए गौरव पथ पहुची जहां से तिरंगा चौक होते हुए रैली बाज़ार चौक ▶▶|शेष पेज 12 पर






**बच्चों के हथों में गाड़ी ना दे पालक : नपा अध्यक्ष**

यातयात सुरक्षा कार्यक्रम के मुख्यअतिथि के रूप में कार्यक में आए नपा अध्यक्ष गफ़्फ़ू मेमन ने लोगो और बच्चों को यातायात सुरक्षा को लेकर कहा मैं ख़ुद एक पालक हूँ और जब मेरे बच्चे गाड़ी की चावी लेते है और वे जब तक घर वापस नई आजाते बेहद घबराहट होती है। हमें गाड़ी चलाते हुए हमेशा अपना फ़ोकस सामने रखना है अग़ल बग़ल ध्यान नहीं देना है और बिना लायसेंस के गाड़ी नहीं चलानी है। हम यातायात संबंधी समस्त नियमों का पालन करेंगे। वैध लाइसेंस के बिना वाहन संचालन नहीं करेंगे। बिना हेलमेट के मोटर सायकिल/ स्कूटर नहीं चलाएंगे। वही आत्मानंद स्कूल से आये बच्चों की विशेष माँग पर वहां एक लाख रुपये के कार्य के साथ एक वाटर कूलर देने की घोषणा की।

## भृत्य की कमी से जूझ रहा एकलव्य विद्यालय

**छुरा।** केंद्र सरकार द्वारा संचालित एकलव्य विद्यालय में भृत्य की कमी बनी हुई है, इस कारण कभी-कभी बच्चों को भी परेशानी का सामना करना पड़ जाता है। शासन द्वारा संचालित आश्रम छात्रावास में बच्चों की संख्या के ऊपर नियुक्ति की जाती है, किंतु एकलव्य विद्यालय में संख्या के आधार पर भृत्य की कमी बनी हुई है। जिसे बच्चों को परेशानी हो जाती है, शासन के निर्देश अनुसार उन्हें समय पर नाश्ता, भोजन उपलब्ध कराना है। किंतु इतने बच्चों को एक साथ भोजन बनाना और कभी भी व्यक्ति की छुट्टी एवं अन्य समस्याओं के कारण अधीक्षक और बच्चों दोनों को ▶▶|शेष पेज 12 पर

हरिभूमि
**पाठक सूचना**
गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप



### कोसमखुटा में मनाई गई सहस्त्रबाहू जयंती

**फिंगेश्वर।** ग्राम कोसमखुंटा में सिन्हा समाज के द्वारा भगवान सहस्त्रबाहू अर्जुन की जयंती रविवार को हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडलेश्वर ओम प्रकाश सिन्हा थे। सर्वप्रथम कोषाध्यक्ष खोमन सिन्हा ने अपनी ओजस्वी भाषण में माता बहादुर कलारीन की इतिहास को बहुत ही सारगर्भित शब्दों में बताया इसके साथ ही समाज को कैसे संगठित रखा जाए और हमारा समाज के लोगों का अपना सवांर्गीण विकास कैसे हो सके? इस पर प्रकाश डाला। सभी स्वजातिय बंधुओ ने ताली की गड़गड़ाहट से उनके उद्बोधन का स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भेंडरी के ग्राम प्रमुख राकेस सिन्हा, कामता प्रसाद सिन्हा, ललित कुमार सिन्हा, गयाराम सिन्हा, गुलाब राम सिन्हा, उपसरपंच जाकिर खान, ग्राम प्रमुख पुरुषोत्तम सिन्हा उपस्थित थे।

### अक्षत कलश यात्रा में राम दरबार की भव्य झांकी



**पाटसिवनी (पिपरहट्टा)।** मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर ग्राम परसदाखुर्द में अयोध्या से आए अक्षत कलश यात्रा निकला गया। अक्षत कलश के साथ राम दरबार की भव्य झांकी दिखाया गया। यात्रा की शुरुआत कृष्ण मंदिर से शीतलापारा एवं बांधापारा होते हुए पूरे गांव में भ्रमण किया गया। इस दौरान पूरे गांव राममय हो गया घर-घर माताओ ने अपने घरों के सामने रंगोली सजाये और थाली में आरती लेकर अक्षत कलश का पूजा पाठ किया। इस तरह की खुशी और आनंदमय परसदाखुर्द में पहली बार देखने को मिला। अक्षत कलश यात्रा में मोहन नेताम, लुकेश पटेल, अजय तिवारी, रामलाल यादव, मनहरण पांडे, फुलेश्वरी उपस्थित थी।

### फिंगेश्वर में संकल्प यात्रा शिविर आज

**फिंगेश्वर।** नगर पंचायत फिंगेश्वर में 16 जनवरी को आज विकसित भारत संकल्प यात्र का शिविर दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक शासकीय ठाकुर दलगंजन उच्चतर माध्यमिक शाला फिंगेश्वर के खेल मैदान मे आयोजित किया गया है। कार्यक्रम मे शासकीय योजनाओं की जानकारी के साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं को लाभ दिलाने के लिए शिविर मे प्रयास किये जावेंगे।शिविर को लेकर नगर के मुख्यनगर पालिका अधिकारी प्रदीप मिश्रा ने पात्र हितग्राहियो को शिविर का लाभ लेने आमंत्रित किया है।

### मड़ई मेला आज

**सुरसाबांधा।** ग्राम परतेवा में 16 जनवरी को ग्रामवासियों के सहयोग से भव्य मंडई मेला का आयोजन होगा। उक्त जानकारी देते हुये सरपंच प्रतिनिधि हीरालाल साहू ने बताया कि रात्री में मनोरंजन हेतु शिव-भोला छत्तीसगढी नाचा पार्टी डोंगरगढ का कार्यक्रम रखा गया है।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान बागबाहरा से दारगांव जाने का मार्ग पर अवैध रूप से महुआ शराब की बिक्री करते संतोष निषाद पिता उमेंद्र निषाद (40 साल) निवासी दारगांव को गिरफ्तार किया है जिसके पास रखे 4000 एमएल महुआ शराब कीमत 800 रुपए को बरामद कर आरोपी पर धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम किया है।

Ratna_Bhoomi_16_2024-02_Layout 1 1/15/2024 11:39 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### विधायक ध्रुव विविध कार्यक्रमों हुए शामिल

**रसेला।** क्षेत्रीय विधायक जनक ध्रुव आज अपने विधानसभा बिन्द्रानवागढ़ क्षेत्र के दौरे पर निकले,जहां सर्व प्रथम लिटिपारा पहुंचे जहां ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किये। तत्पश्चात वहां आयोजित सुखद सत्संग कार्यक्रम में शामिल होते हुए सभी को संबोधित करते हुए कहा कि मेरा जीत आप सभी की जीत है और इसके लिए मैं आप सभी का आभारी हूं और सभी को मैं तहदिल से धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। वहीं एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पीपरछेड़ी पहुंचे जहां पालक एवं स्कुल स्टाफ के बैठक में शामिल होते हुए स्कुल की समस्याओं की जानकारी ली और प्रशासनिक स्तर पर जल्द ही निदान का आश्वासन देते हुए सभी विद्यालीन छात्राओं से मुलाकात की। वहां से ग्राम हीराबतर के लिए रवाना हुए जहां आदिवासी नेताम समाज के देव जात्रा कार्यक्रम में पहुंचे जहां समाज प्रमुखों ने उनका स्वागत कर मंचासीन करते हुए सभी सामाजिक बंधुओं को संबोधित करते हुए पांच लाख की भवन की घोषणा भी की।
तत्पश्चात वे ग्राम मदनपुर के लिए रवाना हुए जहां कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह में पहुंचे और आयोजक समिति एवं सभी खिलाड़ियों व ग्रामवासियों को इस आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि खेल के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को आगे ग्रामवासियों को इस आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि खेल के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका मिलने के साथ उनकी प्रतिभा का भी विकास होता है और आप सब इस आयोजन को हर वर्ष इसी प्रकार आयोजित करते रहें।

### 55 कट्टा धान सहित 2 व्यक्ति पकड़ाए

**महासमुंद।** बसना थाना पुलिस ने सोमवार को भंवरपुर मोड़ के पास एक लाल रंग के आईचर ट्रेक्टर में 55 कट्टा धान का अवैध परिवहन करते हुए दो व्यक्ति को पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से वाहन सहित 2 लाख 48 हजार रुपए की जब्ती की कार्रवाई की गई। रविवार को मुखबिर की सूचना पर भंवरपुर मोड़ के पास एक लाल रंग के आईचर क्रमांक सीजी 10 डी 1064 को रोका गया। नाम पता पूछने पर आशीष सिदार पिता स्व0 नेहरू लाल सिदार 22 साल निवासी भंवरपुर और निर्मल पटेल पिता स्व0 अमृत लाल पटेल 35 साल भंवरपुर बताएं। उक्त ट्रेक्टर की ट्राली खुला धान करीबन 35 कटटा व धान के ऊपर बोरी में रखे 20 कटटा कुल 55 कट्टा के परिवहन एवं बिक्री के लिए शासकीय मंडी का टोकन प्रस्तुत करने को कहा गया। लेकिन, कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सकें। जिसके बाद कुल 22 क्विंटल धान शासकीय समर्थन मूल्य कीमती 48,026 रुनउ परिवहन करते मिला। जिसके बाद परिवहन में प्रयुक्त वाहन कीमती 2 लाख रुपए कुल जुमला 2 लाख 48 हजार 026 रुपए को खाद्य विभाग के सुपुर्द किया गया।

# रामजानकी मंदिर में दीपावली की तरह मनाया जाएगा अयोध्या का प्राण प्रतिष्ठा समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

भगवान राम नाम की गुंज क्षेत्र सहित समुचे भारत में गुजायमान है। जैसे- जैसे अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की तिथि नजदीक आती जा रही है। लोगों में उत्साह दुगुना बढ़ता जा रहा है, ऐसा ही माहौल माता कौशिल्या के मायेके और प्रभु श्रीराम के ननिहाल यानि की छत्तीसगढ में भी है। लोगों में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है, घरों घर इस दिन दीपावली त्यौहार जैसे मनाने के लिए अभी से पटाखे और मिट्टी के दिये खरीदी किया जा रहा है, क्षेत्र के सभी धार्मिक स्थलों और मंदिरो में साफ सफाई रंग, रोंगन का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगे ग्राम हरदीभाठा में 100 वर्षों से पुराना एक मात्र क्षेत्र के राम जानकी मंदिर को भव्य रूप से सजाया जा रहा है, मंदिर की रंग रोंगन का कार्य तेज गति से चल रहा है, राम जानकी मंदिर हरदीभाठा में हजारों दीप प्रज्जवलित कर अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे मंदिर के पुजारी चुम्मन पांडेय एंव पंडित द्रोणाचार्य ने बताया कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को इस राम जानकी मंदिर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। सुबह विशाल कलश यात्र निकाली जायेगी और यह कलश यात्र हरदीभाठा, मैनपुर का भ्रमण कर मंदिर पहुचेंगी और यहा रामायण पाठ, भजन कीर्तन के साथ भंडारा एंव महाआरती धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे ज्ञात हो कि हरदीभाठा स्थित राम जानकी मंदिर क्षेत्र में ऐतिहासिक मंदिर है, इस क्षेत्र में एक मात्र राम जानकी मंदिर हरदीभाठा में ही है जिसे तालाब के किनारे उस समय के गौठिया स्व: सदाबृज एंव धर्म पत्नी तिजीया बाई द्वारा निर्माण करवाया गया था और इस राम जानकी मंदिर में हमेंशा धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।

## प्राण प्रतिष्ठाः भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव दीपावली की तरह मनाने हो रही जोरदार तैयारी



### सभी मंदिरो में रंग रोगन और आकर्षक सजावट

मैनपुर क्षेत्र के सभी धार्मिक स्थल के साथ मंदिरो में साफ सफाई रंग रोगन का कार्य तेज गति से चल रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर पर अनेक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जगह- जगह भंडारा का भी आयोजन किया जायेगा साथ ही ग्रामीण घरों में तोरण पतकों के साथ भगवा ध्वज लगाकर अभी से पुरी तरह तैयारी में लग गये है। क्षेत्र का माहौल धार्मिकमय हो गया है, मैनपुर दुर्गा मंदिर के पुजारी पंडित योगेश शर्मा, आचार्य नंदकिशोर चौबे ने कहा देश ही नहीं बल्कि पुरे विश्व के लोगों में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्साह और खुशी देखने को मिल रहा है।



## सौगात : सड़क, बिजली, नल-जल, वन-धन विकास केंद्र, आंगनबाड़ी, छात्रावास आदि परियोजना की दी स्वीकृति

# जनमन योजना अंतर्गत पीएम आवास योजना की पहली किस्त की जारी, एक लाख होंगे लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

ग्राम पोंड में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम में विधायक राजिम श्री रोहित साहू शामिल हुए। विशेष पिछड़ी जनजाति आबादी तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने मोबाइल मेडिकल वैन का भी शुभारंभ किया। गरियाबंद सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान योजना अंतर्गत पीएम आवास योजना की पहली किश्त जारी की। इससे देशभर के विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार के लगभग एक लाख लोग लाभान्वित होंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इसके अलावा पीवीटीजी सदस्यों के विकास के लिए सड़क, बिजली, नल से स्वच्छ जल, वन धन विकास केंद्र, आंगनबाड़ी, छात्रावास, मल्टीपरपज केंद्रों, एवं मोबाइल मेडिकल यूनिट की परियोजना की स्वीकृति भी दी। इस दौरान पीएम श्री मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए उन लोगों से भी बात की, जिन्हें इस योजना का लाभ मिलेगा। इस दौरान लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री को बताया कि रसोई गैस कनेक्शन, बिजली, नल से पानी और आवास सहित अन्य सरकारी योजनाओं से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आए हैं। पीएम जनमन अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम विकासखंड छुरा के ग्राम पंचायत पोंड में आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में राजिम क्षेत्र के विधायक श्री रोहित साहू सहित कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल एवं ग्रामीण जन शामिल हुए। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री से हितग्राहियों का सीधा संवाद सुना।

■ विधायक ने मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना






### लोग दिवाली नए पक्के घर में मनाएंगे : पीएम मोदी

इस अवसर पर विधायक श्री साहू एवं अतिथियों ने जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति आबादी क्षेत्रों में जाकर निशुल्क स्वास्थ्य जांच और इलाज के लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि एक ओर अयोध्या में दिवाली मन रही है। दूसरी ओर एक लाख अति पिछड़ी जनजाति परिवार में भी दिवाली मन रही है। उनके बैंक खाते में पक्के घर के लिए आज पैसा ट्रांसफर किया गया। उन्होंने खुशी जताते हुए कहा कि अब पीवीटीजी सदस्यों के नए घर बनाने का काम शुरू होने जा रहा है। इस बार वह दिवाली नए पक्के घर में मनाएंगे मोदी न कहा कि अति पिछड़े जनजाति सदस्यों तक सरकारी योजना पहुंचे, इसी उद्देश्य से पीएम जनमन योजना संचालित की जा रही है। यह योजना 2 महीने में ही लक्ष्य हासिल की ओर अग्रसर है।

### पिछड़ी जनजाति सदस्यों का होगा विकास : विधायक



विधायक श्री साहू ने जिला स्तरीय कार्यक्रम में आने के लिए उपस्थित सभी लोगों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि पीएम जनमन योजना के माध्यम से पीएम श्री नरेंद्र मोदी का सोच है की देश के पिछड़े जनजाति सदस्यों को आगे लाना है। 15 नवंबर 2023 को इस अभियान का शुभारंभ हुआ है। उन्होंने पिछड़ी जनजाति के लिए इतना बड़ा कदम उठाने के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार जताया। विधायक श्री साहू ने कहा कि पीएम जनमन योजना से जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति सदस्यों का विकास होगा। इसके लिए प्रधानमंत्री ने पिछड़ी जनजाति के विकास के लिए 9 मंत्रालय को भार सौंपा है। पीवीटीजी सदस्यों के उन्नति के लिए पीएम आवास योजना, आधार कार्ड, शौचालय, सड़क, बिजली, पानी की व्यवस्था एवं आयुष्मान कार्ड से लाभान्वित किया जाएगा।

## छुरा, कोसमी, पाटसिवनी व रसेला के बीच होगा खिताबी मुकाबला



**छुरा।** मिनी स्टेडियम में चल रहे प्रथम सीजीटीपीएल के लीग मैचों की श्रृंखला सम्पन्न हो चुकी है। अब खिताबी मुकाबले के लिए चार टीमों इलेवन स्टार पाटसिवनी, गोड़वाना लायंस कोसमी ,छुरा पैंथर्स और मलेवा टाइगर्स रसेला के बीच खेला जायेगा। विदित हो कि छुरा ब्लाक के शासकीय शिक्षकों के टीमों के बीच खेले जा रहे क्रिकेट मैच के ग्रुप बी के लीग मैचों में प्रथम मैच छुरा पैंथर्स और परसदा साइक्लोन के बीच खेला गया। जिसे कड़े मुकाबले में छुरा पैंथर्स ने रन से जीत लिया मैन आफ द मैच भोगेन्द्र ठाकुर रहे। दूसरा मैच मलेवा टाइगर्स रसेला और नागिनबाहरा स्टार इलेवन के बीच खेला गया, जिसे रसेला ने 8 विकेट से जीता। संजीत सुरजिया प्लेयर आफ द मैच रहे। तीसरा मैच खड़मा नाइट राइडर्स और छुरा पैंथर्स के बीच खेला गया जिसे छुरा पैंथर्स ने 9 विकेट से जीता मैन आफ द मैच उमेश ढीढी रहे। चौथा मैच नागिनबाहरा स्टार इलेवनपा और परसदा साइक्लोन के बीच खेला गया जिसे परसदा ने 7 विकेट से जीता प्लेयर आफ द मैच फुलेश ध्रुव रहे।अंतिम पांचवा मैच मलेवा टाइगर्स रसेला और खड़मा नाइट राइडर्स के बीच खेला गया, जिसे रसेला ने जीता मैन आफ द मैच संजीत सुरजिया रहे। इससे पूर्व मैच के उद्घाटन अतिथि के रुप में मंचासीन यशवंत यादव सदस्य छत्तीसगढ़ भारोत्तोलन संघ व अध्यक्ष जिला गरियाबंद भारोत्तोलन संघ, मानसिंग निषाद, मिथलेश सिन्हा योगाचार्य जिला प्रभारी योग का स्वागत बैच लगाकर किया गया। पश्चात मैदान पर सभी अतिथियों ने प्रथम मैच के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया पश्चात टास की प्रक्रिया पूरी की गई एवं बैटिंग बालिंग कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किए। यशवंत यादव ने कहा कि शिक्षक नवाचार के लिए जाना जाता है छुरा ब्लाक के शिक्षकों का नवाचार प्रदेश के शिक्षकों के लिए अनुकरणीय है विद्यार्थी अपने शिक्षकों के कार्यो का अनुकरण करते है शिक्षकों को खेल मैदान में देखकर विद्यार्थी भी मोबाइल छोड़ मैदानी खेल को अपनाएंगे। खिलाड़ियों को मानसिंग निषाद ने भी संबोधित किया। प्रतियोगिता में अम्पायर स्कोरर रनिंग कमेंट्री के लिए यादराम साहू, शिव ठाकुर,पंकज साहू, रामेश्वर ध्रुव, झामेश्वर ध्रुव, सौरभ परिहार, राजकुमार लहरे, पूनम चंद्राकर, पंकज साहू पीटीआई, हीरालाल साहू आदि ने सहयोग सेमीफाइनल मैच शनिवार 20 जनवरी को छुरा पैंथर्स और गोड़वाना लायंस कोसमी तथा इलेवन स्टार पाटसिवनी व मलेवा टाइगर्स रसेला के बीच खेला जाना प्रस्तावित है।

# राजिम में लगा शिविर, अफसरों ने सुना लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

नगर पंचायत राजिम के तत्वावधान में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत पूरे 15 वार्डों के हितग्राहियों की समस्याओं को जानने के लिए शिविर लगाया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद चंदूलाल साहू ने संकल्प विकसित भारत का शपथ दिलाया और कहा कि भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने का सपना देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साकार करेंगे। नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सोनकर ने कहा कि आज हमारे देश के प्रधानमंत्री मोदी इस शिविर के माध्यम से आपकी बातों को सुनने के लिए आपकी समस्या को जानने के लिए पूरे विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हम सबकी पीड़ा को जाना है। मोदी के गारंटी को धरातल पर उतारा है और आज पूरे छत्तीसगढ़ में 18 लाख गरीब परिवारों को आवास देने की योजना को अमल किया है। कहा कि जितने भी गरीब हैं इस शिविर के माध्यम से अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत करें। अधिकारी आपकी बात को सुनेंगे, अधिकारी आपकी समस्या को जानेंगे। जिसमें राजिम नगर पंचायत के मेला मैदान में पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सोनकर, मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा, पार्षद महेश यादव, ओम प्रकाश आडिल, पुष्पा गोस्वामी, कुलेश्वर साहू, टंकु सोनकर, विनोद सोनकर, सूरज पटेल, लेखा महोबिया, लोकेश्वरी यादव, अरविंद यादव, उत्तम निषाद, मोती सोनकर ,राजकुमारी, राकेश मांड्रे सहित तहसीलदार मरकाम उपस्थित थे।



# समाज के सभी वर्गों को योजनाओं से लाभान्वित करने हो रही सार्थक पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत नगर पालिका परिषद गरियाबंद के आज गांधी मैदान में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। संकल्प शिविर में राजिम विधायक रोहित साहू, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में शामिल हुए।

इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने सम्बोधित करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित करने हम सब मिलकर प्रयास करें। पात्र जरूरतमन्द लोगों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही उन्हें लाभान्वित किये जाने सहभागिता निभाएं। शिविर के माध्यम से हजारों की संख्या में शहर की नागरिकों ने शासन की योजनाओं का लाभ लिया। विकसित संकल्प यात्रा शिविर का सार्थक परिणाम मिल रहा है। इसी प्रकार नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने कहा कि समाज के सभी लोगों को विकास से जोड़ना है, इसी मंशानुरूप समाज के सभी वर्गों को भारत सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाया जा रहा है। उन्होंने संकल्प शिविरों में अधिक से अधिक लोगों को उपस्थित होकर सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होने का आग्रह किया।

संकल्प शिविर में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। वहीं विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को उपयोगिता प्रमाण पत्र का वितरण किया गया व प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के हितग्राहियों को गैस कनेक्शन, आयुष्मान भारत योजनान्तर्गत लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया। जनप्रतिनिधियों द्वारा गर्भवती महिलाओं का गोद भराई रस्म अदा की गई। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भूपेन्द्र साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी, अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।




■ ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में लगाये जा रहे हैं शिविर :विधायक

## नवापारा नगर परिक्षेत्र साहू समाज ने मनाई राजिम भक्तिन माता जयंती

# साहू समाज एक संगठित समाज है : सुनील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा नगर परिक्षेत्र साहू समाज के तत्वावधान में मकर संक्रांति के पावन पर्व पर राजिम भक्तिन माता जयंती भव्य रूप से मनाया गया। सर्वप्रथम राजिम भक्तिन-कर्मा मंदिर में पूजा-अर्चना कर माता राजिम की मूर्ति रथ में सजाकर कलश शोभायात्रा को मंदिर परिसर से कसडोल विधायक संदीप साहू ने झंडा दिखाकर रवाना किया। जो नगर के प्रमुख मार्ग सुभाष चौक, सदर बाजार- नेहरु घाट, गंज रोड होते हुए वापिस मंदिर परिसर पहुंचा। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर लोकसभा के सांसद सुनील सोनी ने कहा कि साहू समाज दानवीर भामाशाह,संत माता कर्मा, राजिम भक्तिन माता जैसे संत शिरोमणि के वंशज है, साहू समाज हम सबके लिए प्रेरणादायी है। श्री सोनी ने 5 लाख रूपए सामुदायिक भवन के लिए देने की घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक इंद्र कुमार साहू ने की। इस अवसर पर उन्होने कहा कि साहू समाज में बहुत ही सरलता, सहजता और समरसता का भाव है यह सब हमारे आराध्य देवी राजिम माता के आशीर्वाद से है। कहा कि राजिम माता, नारी शक्ति का प्रमाण है हम सबको उनके आदर्शों पर चलना चाहिए। प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल सिंह साहू ने इस अवसर पर बधाई देते हुए कहा कि हम सबको आपसी मतभेद को भुलाकर समाज हित में काम करना है। कहा कि सदियों से चले आ रहे सामाजिक कुरीतियों को हमें दूर करना है, तथा समाज में माता बहनों को सम्मान देना है। पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू ने भक्त माता राजिम के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि माता जी के आशीर्वाद से ही आज हम सब यहां तक पहुंचे हैं। हमें शिक्षा क्षेत्र में बहुत अग्रणी रहना है, हमारे समाज को नशा मुक्त समाज बनाना है। कहा कि आज मकर संक्रांति का दिन है सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायन हो गए हैं यह हम सबके लिए फलदायी है। पूर्व विधायक धनेंद्र साहू ने कहा कि राजिम माता हमारे आदर्श हैं हम सबको उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज हित में काम करना है। कसडोल विधायक संदीप साहू ने जयंती की बधाई देते हुए कहा कि हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि राजिम माता की जयंती हम सब 7 जनवरी को राजिम में प्रदेश स्तरीय मना कर पूरे प्रदेश में जगह जगह मनाते हैं,माता राजिम हमारे ही नहीं बल्कि सभी समाज की माता है। इस अवसर पर महासमुंद के पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू,राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, जिला साहू संघ अध्यक्ष देवनाथ साहू, तहसील अध्यक्ष ब्रहमानंद साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष वीरेंद्र साहू खोरपा, खोरबाहरा साहू चंपारण, नवापारा परिक्षेत्र अध्यक्ष रमेश साहू ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से नगर परिक्षेत्र साहू समाज अध्यक्ष रमेश साहू, उपाध्यक्ष भागवत साहू,संरक्षक मेघनाथ साहू, परदेसी राम साहू, प्रेम लाल साहू, छन्नू लाल साहू, पार्षद मायाराम साहू, रवि साहू, ओम कुमारी-संजय साहू, अजय साहू, लोकिन-अर्जुन साहू, डॉ तेजेंद्र साहू, डॉ. लीलाराम साहू, डॉ. रमेश सोनसाइटी,रविशंकर साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।





## पेज 11 के शेष...

### शैक्षिक गुणवत्ता...

लगाया जा सकता है। जानकारी के अनुसार गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर विकास खंड अंतर्गत आने वाले ग्राम लोहरसी के सरकारी स्कूल की बात है जहां शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय डिपरापारा स्कूल, शासकीय प्राथमिक स्कूल मंगल बजार चौक और डिपरापारा प्राथमिक स्कूल हैं। जहां शिक्षकों की कमी वर्षों से बनी हुई है। जिसके चलते शिक्षा का स्तर लगातार गिरते जा रहा है और नामांकन में भी कटौती हो रही है। जिम्मेदार अपनी गहरी निद्रा में अब तक सोए हुए हैं। आपको बता दे की लोहरसी स्कूल में पढ़ाई कर सांसद, विधायक, वकील, डॉक्टर, शिक्षक, पुलिस, बन चुके हैं और ऐसे स्कूल में शिक्षक की कमी बच्चों के भविष्य को अंधकार की ओर धकेलता नजर आ रहा है और यह समस्या अभी से नहीं पिछले दस वर्षों से यहां के बच्चे शिक्षक की कमी को झेलते आ रहा है।

### श्री राजीव लोचन मंदिर...

भारत की कल्पना की है और वह पूर्ण भी हुआ है। आगे स्वच्छता का क्रम जारी रहेगा और आगामी 22 जनवरी को रामलला मंदिर में विराजमान होंगे इसलिए सभी धार्मिक स्थलों को साफ किया जा रहा है। कहा कि मैं बड़ा खुशनसीब हूं कि मुझे भी इस कार्य में आने का अवसर मिला है। सफाई अभियान में हर व्यक्ति को अपना अमूल्य योगदान देना चाहिए। पूर्व सांसद चंदूलाल साहू ने कहा कि हम जहां हैं उस जगह को साफ करना जरूरी है यदि ऐसी सोच रखें हर व्यक्ति सफाई करें तो पूरा देश में गंदगी नाम की कोई चीज नहीं रहेगी। नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सोनकर ने कहा कि मुझे सफाई करने के बाद बहुत ही अच्छा लगा। नगर पंचायत के समस्त पार्षद, कर्मचारी अधिकारी सभी इस कार्य में जुटे हुए हैं। इस मौके कमल सिन्हा, पूरन यादव, कोमल साहू, प्रेम साहू, मनोज साहू, चितरंजन साहू, प्रमोद, दीपक, विपिन, गोलू, वामन, हरीश, नेहरू, पवन, अपूर्व, हरिशंकर, सुनील, खीरू सहित बड़ी संख्या में शामिल थे।

### पुलिस ने हेलमेट...

पार करते हुए पुराने हुए वापस एसपी ऑफिस पहुंची। जहां इस हेलमेट जागरूकता रैली का समापन हुआ साथ ही इस कार्यक्रम में आत्मानंद स्कूल से आए बच्चों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया दौरान बच्चों को यातायात नियमों व सुरक्षा की जानकारी दी गई। **हेलमेट सुरक्षा कवच**- इस मौके पर पुलिस अधीक्षक डीसी पटेल ने कहा कि आए दिन सड़क दुर्घटनाएं घटित हो रही है यह सड़क दुर्घटना है नियमों की अवहेलना करने के कारण होती है लोग अक्सरबिना हेलमेट लगाए बाइक चलाते हैं साथ ही कार सवार भी सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करते हैं। इन छोटी-छोटी बातों को ध्यान में ना रख कर लोग लगातार हादसों का शिकार हो रहे हैं। यातायात के नियमों का पालन करने के लिए पुलिस लगातार अभियान चलाती रहती है इसी कड़ी में आज केंद्र के निर्देशन में गरियाबंद में भी जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। आज हेलमेट जागरूकता रैली शहर में निकाली गई है जिससे लोग हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग कर यातायात के नियमों का पालन करें।

### भृत्य की कमी से...

परेशानी का कारण बनता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भृत्य की संख्या में वृद्धि के लिए आयुक्त आदिम जाति छत्तीसगढ़ शासन से अनुमति के पश्चात ही बढ़ाया जाता है। इसलिए एकलव्य विद्यालय में इनकी संख्या को बढ़ाया नहीं जा रहा है, जबकि शासन द्वारा सभी की नियुक्ति कलेक्टर दर, आकाश्मिक नीधि सहित अन्य मदों से कार्य लिया जा रहा है। एकलव्य विद्यालय में लगभग 420 छात्र-छात्राएं अध्यनरत है। यहां पर 9वीं से 12वीं तक कक्षाएं संचालित है। वहीं छात्रों के लिए अलग मैस एवं छात्राओं के लिए अलग मैस की व्यवस्था है, बच्चों के लिए 8 बजे नाश्ता, 10 बजे स्कूल, दोपहर 1 से 2 तक के भोजन, 5:30 नाश्ता 8 बजे भोजन उपलब्ध कराना होता है। वहीं यहां गेटकीपर की भी आवश्यकता है। इस संबंध में प्राचार्य ने कहा कि इन समस्याओं को सहायक आयुक्त गरियाबंद को अवगत करा दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस नेता ने सड़क चौड़ी करने की मांग की



छुरा। नगर के पूर्व एल्डरमैन एवं कांग्रेस नेता लोकेश्वर वर्मा ने नगर से फिंगेश्वर रोड मुख्य मार्ग कोसमबूडा तक रोड चौड़ी की मांग सरकार से की है, उन्होंने कहा कि नगर पहुंचने का प्रमुख मार्ग है जिसकी दूरी मात्र 2 किलोमीटर है जो कि काफी सकरा हैं। उक्त मार्ग से रोज हजारों वाहनों का आना - जाना है उक्त मार्ग से एकलव्य विद्यालय, निजी विद्यालय और नगर में पढ़ने वाले हजारों की संख्या में कॉलेज एवं स्कूली छात्र- छात्राएं का आना -जाना लगा रहता है। जिसमें आए दिन दुर्घटना होती रहती है। जिसमें हाल ही में रविवार को भैरा नवापारा कि 65 वर्ष की महिला की दुर्घटना में मौके पर ही मृत्यु हो गई। सरकार से उक्त मार्ग को चौड़ा करने की मांग की है। मांग करने वालो मे सतीश नामदेव, सुनील चंद्राकर हितेश दीक्षित, विकेश परिहार, प्रकाश सिंह ग्रामीण दिशंक दीक्षित, हारून अली आदि ने मांग की।

### केंद्रीय मंत्री का स्वागत

**महासमुंद।** जिले के प्रवास पर केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत तथा छग शासन के उपमुख्यमंत्री अरूण साव को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के नेतृत्व में बरोंडा चौक महासमुंद में भगवा शॉल पहनाकर स्वागत किया गया।

### शहीदों को दी गई सलामी

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में भारतीय थल सेना दिवस पर शहीदों को सलामी दी गई। ग्राम खरोरा में आशी बाई गोलछा हायर सेकंडरी स्कूल द्वारा एनएसएस शिविर आयोजित है। शिविर के छठवें दिन मुख्य अतिथि सरपंच सुनीता चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर, प्राचार्य जीआर सिन्हा, कार्यक्रम अधिकारी मधुमति चंद्राकर, आयशा लतीफ ने थल सेना दिवस पर शहीदों को सलामी दी।

### बसना में महायज्ञ हवन कार्यक्रम 22 को

बसना। आगामी 22 जनवरी को प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक भगवान श्रीराम प्रभु की जन्मभूमि अयोध्या धाम में प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व विश्व कल्याणार्थ ब्रम्ह महायज्ञ हवन बसना नगर के हृदय स्थल वीर नारायण सिंह चौक में आयोजित है। इस यज्ञ में समस्त हिंदू समाज से विवाहित जोड़े यज्ञ में सपत्नीक विराजित होंगे। बाद प्रभु की प्राण प्रतिष्ठा के ठीक पश्चात आनंदोत्सव-रामोत्सव मनाया जाएगा। पूरे नगर इस छोर से उस छोर के सभी रामलला के भक्तों के लिए महाप्रसाद भंडारा लगेगा।

### महासमुंद आगमन पर केंद्रीय मंत्री का किया स्वागत

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा स्थित साईं मंदिर के सामने केंद्रीय जल-शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत व छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव का आगमन पर पुष्पहार से स्वागत किया गया। जिसमें पूर्व मंडल अध्यक्ष व पार्षद संदीप घोष, किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रेम चंद्राकर, आईटी सेल प्रभारी अरुण साहू व भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य संतोष वर्मा उपस्थित रहे। स्वागत पश्चात केंद्रीय मंत्री से केंद्र सरकार की योजनाओं के संबंध में चर्चा की।

# राजिम भक्तिन माता के विचारों से समाज में समरसता का भाव होगा जागृत

## सरकड़ा और कुटेना में राजिम भक्तिन माता जयंती में शामिल हुए विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

ग्रामीण साहू समाज सरकड़ा एवं ग्रामीण साहू समाज कुटेना के तत्वावधान में आयोजित राजिम भक्तिन माता जयंती समारोह में राजिम विधायक रोहित साहू बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने की। विधायक रोहित साहू ने कहा कि राजिम भक्तिन माता जयंती में गांव में निवासरत सभी समाज के प्रतिनधियों की उपस्थिति रहनी चाहिए, सर्व समाज मिलकर जब राजिम माता की जयंती मनाएंगे तो गाँव में एकता बढ़ेगी। यह जयंती सिर्फ एक समाज तक सिमित न रहकर सर्वसमाज को इसमें शामिल करना चाहिए और संभव हो तो एक साथ सामूहिक रूप से ऐसे आयोजनों में भोग भंडारा का आयोजन करके सबको जोड़ने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने समाज में होने वाले शादी ब्याह में व्यवस्था को बदलकर पुरानी परम्परा में लौटते हुए गोधूलि बेला ही मांगलिक कार्यक्रम संपन्न हो ऐसा प्रयास करने का आह्वान किया। राजिम भक्तिन माता के आशीर्वाद और उनके विचारों से प्रेरणा लेकर ही समरसता का भाव बढ़ेगा। इस दौरान उन्होंने विधानसभा चुनाव में आशीर्वाद प्रदान करने के लिए आभार प्रकट किया। जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने कहा कि साहू समाज एक संगठित समाज के रूप में जाना जाता है। यह समाज अन्य समाज को भी दिशा दे सकता है।



### नशामुक्त समाज बनाने का प्रयास हो

कृषि के साथ साथ हमें व्यापार व्यवसाय के क्षेत्र में आगे आना चाहिए। हम सबको नशामुक्त समाज बनाने के लिए मिलकर सामूहिक प्रयास करना चाहिए जिससे दुर्व्यसन से होने वाले नुकसान से हम बच सकें। सरकड़ा के कार्यक्रम में पहुंचे छत्तीसगढ़ी फ़िल्मि कलाकार प्रकाश अवस्थी ने भी अपने गीतों की प्रस्तुति देकर समाज को एकजुटता के साथ रहने का आह्वान किया। सरपंच सरकड़ा ताम्रध्वज कंवर, देवसिंह दीवान सरपंच गोवर्धन साहू, भुनेश्वर साह, जगदीश साहू, नूतन साहू, रामचंद्र, जुगल पटेल, लखन साहू, नवीन साहू, विजय साहू, प्रहलाद साहू, कृष्णकुमार साहू, ठकेश्वर साहू, मेशराम साहू सहित साहू समाज के पदाधिकारियों व ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

**संकल्प यात्रा : सबसे ज्यादा आवेदन प्रधानमंत्री आवास, शौचालय निर्माण एंव उज्जवला गैस कनेक्शन से संबधित**

# 43 पंचायतों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा, 10 हजार से ज्यादा आवेदन पत्र हुए प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर जनपद पंचायत अंतर्गत विकसित भारत संकल्प यात्रा का लगातार आयोजन पंचायतो में किया जा रहा है। आज 43 ग्राम पंचायतो में यह यात्रा पहुंची। यात्रा को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। जनपद पंचायत मैनपुर से मिली जानकारी के अनुसार विकसित भारत संकल्प यात्र के दौरान अब तक 10 हजार 500 से अधिक आवेदन पत्र प्राप्त हुए है, जिसका विभागवार कार्यवाही के लिए प्रतिवदेन तैयार किया जा रहा है, मिली जानकारी के अनुसार 07 हजार से अधिक आवेदन सिर्फ प्रधानमंत्री आवास निर्माण के लिए ग्रामीणों ने किया है, छत्तीसगढ में भाजपा की सरकार बनने के बाद सरकार के घोशणानुसार पात्र हिग्राहियो को आवास देने की योजना है जिसके कारण लोग लगातार सभी शिविर स्थल में आवास निर्माण के लिए सबसे ज्यादा आवेदन आवास के लिए कर रहे है वही उज्जवला गैस कनेक्शन, राशन कार्ड, शौचालय निर्माण, पेंशन, वन अधिकार पट्टा, बोर खनन, उद्यमी विभाग को तार का बाडा लगाने, उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण, स्कूल भवन निर्माण, सामुदायिक भवन निर्माण, पुल पुलिया निर्माण, सी.सी रोड ,स्कूल में शिक्षक आदि से संबधित 10 हजार से ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए है।



### 17 विभागों द्वारा स्टाल लगाकर विभिन्न योजनाओं की दी जा रही है जानकारी

विकसित भारत संकल्प यात्र में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही स्क्रीन के माध्यम से केन्द्र सरकार की योजनाओ की जानकारी दिया जा रहा है साथ ही 17 विभागों द्वारा स्टाल लगाकर बकायदा योजनाओं की लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुचाने कार्य किया जा रहा है, इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर लगाकर मुफ्त में लोगो को दवा वितरण के साथ आयुष्मान कार्ड का मौके पर वितरण किया जा रहा है। आज शिविर में प्रमुख रूप से पंचायत इस्पेक्टर राजकुमार ध्रुर्वा, विकास द्विवेदी, डॉ गजेन्द्र ध्रुरव, लक्ष्मण यादव, निलाम्बर यादव, संदीप सिन्हा, लोकेश श्रीवास, जितेन्द्र पुजारी, भारत कुंजाम, धनमती बाई, सुपरवाईजर लीलावती सेन, पार्वती बाई, लता बघेल, तरूण निशाद, जयंती चक्रधारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



### योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर पर लोगों को मिले : गोवर्धन

मैनपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम अमलीपदर में आज विकसित भारत संकल्प यात्र के तहत शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर में मुख्यअतिथि पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी विशेष रूप से उपस्थित थे। एंव जनपद सभापति निर्भय सिंह ठाकुर, जनपद सभापति पुनितराम सिन्हा, वरिष्ठ भाजपा नेता बोधन नायक, सरपंच सेवन पुजारी, वनिता यादव, श्रुति नागेश विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी ने पुजा अर्चना कर किया इस दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मांझी ने कहा कि केन्द्र के नरेन्द्र मोदी सरकार गांव गरीब किसानों और सभी वर्गो के कल्याण के लिए अनेक योजनाए संचालित कर रही है, इन योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर पर लोगों को कितना मिल रहा है, यह जानने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया जा रहा है और इन शिविर में जो भी आवेदन प्राप्त हो रही है उन आवेदनों पर गंभीरता से विचार कर सभी मांगो को पुरा किया जायेगा। जनपद सभापति निर्भय सिंह ठाकुर ने कहा कि छत्तीसगढ प्रदेश में विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार मोदी की गारंटी को पुरा करने प्राथमिकता से लग गई है एक माह के अंदर ही सरकार किये वायदों को पुरा करने में जुट गई है दो वर्शो का बोनस किसानों के खाते में ट्रांसफर किया गया 21 क्विंटल प्रति एकड धान खरीदी और अनेक योजनाओं की लाभ ग्रामीणों को दिया जा रहा है।

# बाजे-गाजे के साथ किया अक्षत वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

अयोध्या से आए अक्षत कलश के चावल का वितरण घर-घर में लगभग पूर्ण हो चुका है, भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त चावल घर- घर में निमंत्रण के तौर पर दिया गया है कि आप अयोध्या ना भी पहुंचे तो घरों में रहकर प्राण प्रतिष्ठा को अनुभव करें, यह कार्यक्रम क्षेत्र के 10 मंडलों में लगभग पूर्णता की ओर है संगठन की दृष्टि से पूरे क्षेत्र को 10 मंडल में बांटा गया था जिसमें अक्षत वितरण लगभग पूर्ण हो चुका है, गांव-गांव में उत्साह का माहौल रहा और लोग बाजे - गाजे के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम करते हुए देर रात तक घर-घर अक्षत का वितरण किया गया। नगर से ले गए अक्षत कलश को पहले अपने गांव में के मंदिरों में रखकर पूजा अर्चना की गए, उसके पश्चात पीला वस्त्र पहनकर महिलाओं ने गांव में घूम-घूम कर अक्षत का वितरण किया गया एवं राम मंदिर का पत्रक साथ में दिया गया। मड़ेली मंडल के संयोजक छत्तर सिंह ठाकुर ने बताया कि भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा हेतु गांव में गजब का उत्साह है प्रत्येक गांव में कार्यक्रम में सभी वर्ग के लोग बढ़ चढ़कर भाग लिए हैं। कार्यक्रम में संयोजक कन्हैया यादव, सहसंयोजक राधेलाल साहू, प्रेम नारायण ध्रुव सहित क्षेत्र के मानस मंडली, महिला मंडल में गांव में घूम-घूम कर अक्षत का वितरण किया गया।

# स्वयं नशे से दूर रहें, साथ ही दूसरों को भी जागरूक करें : निर्मलकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

- मड़ेली में दो दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता हुई

वॉलीबाल युवा समिति मड़ेली विकास खण्ड छुरा जिला गरियाबंद छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में मकर संक्रान्ति पर्व के उपलक्ष्य में 13 से 14 जनवरी तक राज्य स्तरीय दो दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया था। इस आयोजन में राज्य के बड़े - बड़े टीमों ने भाग लिया। आयोजित प्रतियोगिता के रोचक फाइनल मुकाबलों का हजारों की संख्या में दर्शकों ने भरपूर लुत्फ उठाया। समिति के अध्यक्ष गगन ठाकुर ने कहा - वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन खेल भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया। समिति उपाध्यक्ष शीतल निर्मलकर ने कहा खुद तो नशे से दूर रहें साथ ही दूसरों को भी नशे के खिलाफ जागरूक करें। उन्हें खेलने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा खेलों के प्रति सकारात्मक माहौल बनाने में सभी अपना अमूल्य योगदान दिया उसके लिए आप समस्त ग्रामवासियों को बहुत बहुत धन्यवाद। युवा समिति दल द्वारा मड़ेली की ओर से कराए गए दो दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का रविवार को समापन हो गया। प्रतियोगिता में



भिलाई शहर के खिलाड़ी तथा राजधानी रायपुर के खिलाड़ी सहित 15 -16 टीम शामिल हुए। वॉलीबाल प्रतियोगिता के फाइनल में दुर्ग शहर टीम विजेता बनी, तो राजधानी रायपुर की टीम उपविजेता रहे। वहीं रानीपरतेवा (छुरा) के टीम तीसरे स्थान पर जीत हासिल की। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वॉलीबाल प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार हेमचंद देवांगन द्वारा दिया गया। द्वितीय पुरस्कार सुमन हैचरिज पोल्ट्री मड़ेली के द्वारा प्रदान किया गया। इस दौरान अध्यक्ष गगन ठाकुर, उपाध्यक्ष शीतल निर्मलकर, सचिव लोकेश ठाकुर, सहसचिव डुमेश्वर नंदे, गुलशन मोंगरे, रोशन यदु, स्तंभ नंदे, टिकेश्वर, पुष्पराज नंदे, भोगेश्वर, लोचन, नीलाम्बर, थानेश्वर, गिरिश, रुद्र, केशव, घेवर,मोनू, लोकेश्वर, चंद्रकांता, पुरुषोत्तम, वालेश, वेदप्रकाश उपस्थित थे।

# पारम्परिक झूला रहचुली आज भी आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

आधुनिकता के इस दौर में भले ही हम कितने भी आगे चले जाये लेकिन छत्तीसगढ के पारम्परिक झुला रहचूली के प्रति लोगों को आकर्षण अभी भी देखने को मिलता है, हांलाकि अब यह रहचूली झुला सिर्फ क्षेत्र के मडई मेला में ही दिखाई देता है, धान कटाई के बाद इन दिनों मे मडाई मेला का दौर चालू हो गया है और मडाई मेला में रहचूली झुला पहुच रहे है, रहचूली झुला से निकले वाले एक चर, चर की आवाज लोगो को अपनी ओर आकर्शित कर रहा है और इसमें झुलने का आंनद लेने के लिए लोगो की लंबी कतार यह बताने के लिए काफी है कि छत्तीसगढ की इस पारम्परिक झुला के प्रति लोगो का आकर्षण आज भी कम नहीं हुआ है, पुरे मडई मेला में सबसे ज्यादा भीड रहचूली झुला के पास ही दिखाई दे रही है। रहचुली हस्तचलित झूला है, मजबूत लकड़ी से यह झूला बनता है, इसमें आमतौर पर बैठने के लिए चार मचान बनता है, एक मचान में चार लोग बैठ सकते हैं, इस प्रकार झूला में 16 लोगों के बैठने की व्यवस्था रहती है, इसे दो लोग धकेलकर झूलाते हैं। गांव में यह झूला अपनी आवाज से लोगों को आकर्षित करता है, झूला झूलकर लोगों को बहुत आनंद मिलता है, रामेश्वर ध्रुव और बिसेसर सिंह ने बताया कि रहचुली झूले के संचालन में चार लोग लगते हैं, उन्होंने यह भी बताया कि रुपये का तेजी से अवमूल्यन हुआ है, महंगाई बढ़ी है, लेकिन झूला के दाम अब भी पुराना है,पांच से दस रुपये प्रति सीट के अनुसार ही चार्ज लिया जाता है।



# ब्रह्माकुमारियों के सम्मान के साथ श्री शिव महापुराण कथा का हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागाव(कोरासी)

नगर के गादीकोट मे चल रहे श्री शिव महापुराण कथा का पुर्णाहूती, गीतापाठ एवं नौ कन्या भोज के साथ हुआ। नगर सिन्हा समाज के वरिष्ठ सियाराम सिन्हा एवं उनके परिवार जनों ने महापुराण कथा के अन्तिम दिवस में क्षेत्र के सात ब्रह्माकुमारी बहनों को सौगात भेट कर सम्मान करते सभी से आशीर्वाद लिए। सिन्हा परिवार द्वारा ग्राम खड्मा के ओम शांति भवन में यह स्नेह मिलन सम्मान समारोह आयोजित किया गया था। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय खड्मा की प्रभारी राजयोगीनी ब्रह्माकुमारी अंशु दीदी ने सिन्हा समाज ,क्षेत्रीय आध्यात्मिक संस्थान ब्रह्माकुमारीज़ की मुख्य संचालिका राजयोगनी ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी नवापारा(राजीम), गरियाबंद सेवाकेंद्र की प्रभारी बिन्दु बहन, कोपरा से ब्रह्माकुमारी कुन्ती बहन, चम्पारन की प्रभारी शकुन्तला बहन, एवं रसेला की सरोज बहन का आत्मीय स्वागत किया। वहीं कचना धुरुवा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर डीके साहू, सेवानिवृत शिक्षक सी आर सिन्हा, समाज प्रमुख शिवलाल सिन्हा, ग्राम प्रमुख अवध राम साहू, त्रिलोचन साहू, प्राध्यापक नारायण लाल निषाद, प्रेष क्लब ब्लाक अध्यक्ष कुलश्वर सिन्हा व तेज राम ध्रुव का संस्थान की ओर से ब्रह्माकुमारी बहनों व सिया राम सिन्हा दादा ने ईश्वरीय सौगात भेट कर सम्मान किया। वहीं सभी सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्मा कुमारी बहनों ने सिया राम सिन्हा को ईश्वरीय सौगात देकर बधाई दिये। उपस्थित सभी लोगों को ब्रह्मभोज किया। श्री शिव महापुराण कथा का पुर्णाहूती किया। इस अवसर पर सैंकड़ों की संख्या में रासेयो छात्र - छात्राएं मौजूद रहे।



# युवा दिवस पर भाषण, कविता और चित्रकला प्रतियोगिता हुई




हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम सीबीइसई स्कूल में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। प्राचार्या बिंदु जॉर्ज जेकब ने बताया कि इस कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के भाषण, कविता, चित्रकला इत्यादि का आयोजन किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि इस दिन को हम राष्ट्रीय युवा दिवस के तौर पर मनाते हैं। 12 जनवरी, 1863 को जन्मे स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन को नेशनल यूथ डे के रुप में देश भर में सेलिब्रेट किया जाता है। इस कार्यक्रम के अवसर पर संस्था प्रमुख शैजू जॉर्ज जेकब, उप प्राचार्य लोवित रत्नाकर जी समस्त शिक्षक शिक्षिका-गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

BHARTI VISHWAVIDYALAYA
Established under C.G. Private University (Establishment and Operation) Act, 2005
recognized u/s 2(f) UGC Act 1956
Email : registrar@bhartiuniversity.org , bhartiuniversity.in@gmail.com

Applications are invited for the position of
VICE-CHANCELLOR
A distinguished academician, with experience as a professor in a reputed organization and proof of demonstrated academic leadership.

Professor, Associate Professor, Asst. Professor
Applications are invited for the following departments:- Pharmacy, ME, CSE, CE, EE, ET&T, Commerce, Mgnt, Hotel Mgt, Education, Chemistry, Physics, Botany, Sanskrit, Zoology, Forensic Science, Sociology, Microbiology, Law, Maths, Biotech, History, Economics, Geography, Hindi, English, Psychology, Political Sc, Computer Science & IT, Library, Journalism & Mass Comm. and Non Teaching Staff on Regular and Adhoc Basis.
Interested candidates may send their resume with all testimonials within 10 days to bhartiuniversity.in@gmail.com
Eligibility & pay scale : As per UGC/ Statutory norms.
Registrar
Website : www.bhartiuniversity.org

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
9406004581
7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

